प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 17.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करेंगी– राज्य की पैराशूटर मोना अग्रवाल को अर्जुन पुरस्कार।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एग्रीस्टैक योजना की समीक्षा बैठक की–हर किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी दी जायेगी।
- प्रयागराज महाकुंभ में प्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए राजस्थान मंडप तैयार–निःशुल्क आवास, भोजन और चिकित्सा की सुविधाएं मिलेंगी।
- प्रदेश में तेज सर्दी और गलन का असर जारी–अगले दो–तीन दिन घना कोहरा छाये रहने की संभावना।

............................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलम्पिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। इनमें राजस्थान की पैरा शूटर मोना अग्रवाल भी शामिल हैं। मोना ने पेरिस पैरालिम्पिक में दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एसएच–1 निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था।

............................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 8वें वेतन आयोग के फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोग को बढावा मिलेगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की, जो एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि कल सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 में लागू होंगी।

............................

प्रधानमंत्री कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस योजना का उद्देश्य सर्वेक्षण के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के माध्यम से घरों के अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

............................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एग्रीस्टैक योजना और फार्मर रजिस्ट्री रोल–आउट को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार किया जायेगा। हर किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी से इसे प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर दिसम्बर में सीकर जिले से इस मिशन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था। मुख्यमंत्री ने कल ही भारत मंडपम की तर्ज पर प्रदेश में बनाये जा रहे राजस्थान मंडपम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मंडपम के स्थापत्य डिजाइन और निर्माण कार्य की चर्चा की गई। मुख्यमंत्री

ने मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने और इसका निर्माण समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्थान मंडपम प्रदेश के गौरवशाली इतिहास कला संस्कृति और लोक परम्पराओं को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है।

..........................

प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान बीते छह दिनों में सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। यह स्नान 11 जनवरी से शुरू हुआ था। त्रिवेणी के संगम पर बड़ी संख्या में साधु–संत, कल्पवासी और श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए एकत्रित हो रहे हैं।
वहीं राजस्थान से भी महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। इसके मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से मेला स्थल पर राजस्थान मंडप तैयार करवाया गया है जहां प्रदेश के तीर्थयात्रियों को निःशुल्क आवास, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

..........................

इस बीच कुंभ में भाग लेने के लिए राजस्थान से जाने वाले लोगों के लिए रोडवेज की ओर से विशेष बसें चलाई गई है। वहीं रेल्वे ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाडियों की व्यवस्था की है। आज कोटा के सोगरिया से बनारस के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ये रेलगाड़ी 22 फरवरी तक सप्ताह में दो दिन शुक्रवार और मंगलवार को चलाई जाएगी। वहीं एक अन्य रेलगाडी बाडमेर से बरौनी के बीच 19 जनवरी से चलाई जाएगी।

..........................

प्रदेश में आज तिल चौथ मनाई जा रही है। ये चौथ माघ मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर मनाई जाती है। इस दिन सुहागिनें व्रत रखकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करती है। हनुमानगढ़ और पाली में इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम हो रहे है। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि आज के दिन विशेष रूप से तिल के व्यंजन बनाकर चौथ माता की पूजा अर्चना की जाती है।

..........................

वहीं आज सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में इस अवसर पर चौथ माता का मुख्य मेला भर रहा है।

..........................

राज्य की ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका कार्यकाल इस साल 31 जनवरी तक समाप्त हो रहा है और जिनके चुनाव किसी कारणवश सम्पन्न नहीं हो पा रहे है, ऐसी सभी ग्राम पंचायतों के निर्वतमान सरपंच को राज्य सरकार ने प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है। प्रशासक की सहायता के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के वास्ते प्रशासकीय समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति में उप सरपंच और वार्ड पंच सदस्य के रूप में शामिल होंगे। प्रशासक और समितियां बनाने के लिए संबंधित जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है।

..........................

प्रदेश में तेज सर्दी का असर बना हुआ हैं। कई स्थानों पर आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। हनुमानगढ़ में कोहरे से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पाली में धुंध के कारण कई रेलगाड़ियां देरी से चल रही है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से बादल छाये हुए है और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। घने कोहरे से दृश्यता कम हो गई है। भरतपुर से हमारे सवांददाता ने बताया कि वहां दो दिन तक लगातार हुई बरसात के बाद आज घना कोहरा छाया हुआ है।

..........................

करौली में कडाके की ठण्ड को देखते हुए आज भी सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की छुट्टी रखी गई है। वहीं अजमेर में आज और कल का विद्यार्थियों अवकाश

घोषित किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले दो–तीन दिन घना कोहरा छाये रहने और तापमान में दो से चार डिग्री सैल्सियस गिरावट की संभावना व्यक्त की है।

……………………..